सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 350 | इंदौर, मंगलवार 02 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. UP: 'अवैध धर्मांतरण जारी रहा तो बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी', इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी
2. Rahul Gandhi: राहुल गांधी के लोकसभा में दिए भाषण के कई हिस्से रिकॉर्ड से हटाए गए, हिंदुओं पर की थी टिप्पणी
3. Weather Update: 16 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, राजस्थान में जमकर बरसे मेघ; असम में बाढ़ से बिगड़े हालात
4. UP: 'हमारा खान-पान अलग लेकिन डीएनए एक है', संघ प्रमुख भागवत बोले- हम देश से प्रेम नहीं, भक्ति करते हैं
5. Sensex Opening Bell: रिकॉर्ड स्तरों से फिसला शेयर बाजार; सेंसेक्स 211 अंक टूटा, निफ्टी 24100 के करीब

### इंदौर में हुई घटना से मच गया हड़कंप ...

# अनाथ आश्रम में दो बच्चों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के एक अनाथ आश्रम में दो दिन में दो बच्चों की मौत से हडक़ंप मच गया। एक बच्चे ने जहां सोमवार रात में दम तोड़ा, तो वहीं दूसरे बच्चे की आज सुबह मौत हो गई। यह आश्रम शहर के मल्हारगंज क्षेत्र में स्थित है। यहां युगपुरुष धाम आश्रम में रह रहे 12 बच्चों की सोमवार को अचानक तबीयत खराब होने के बाद इन्हें चाचा नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इसके बाद एक बच्चे की मौत रात में हुई। दूसरे बच्चे ने मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। बच्चों की मौत की सूचना पर इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह चाचा नेहरू अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि बच्चों के खून में संक्रमण के कारण तबीयत बिगड़ी है। बच्चों को एमवाय अस्पताल से चाचा नेहरू अस्पताल उपचार के लिए रेफर किया गया।

आश्रम में मप्र के अलग-अलग जिलों से लाए गए बच्चों को रखा गया है। मल्हारगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय करण की सोमवार को अस्वस्थ होने के बाद मौत हो गई। इसके बाद आज सुबह सात वर्षीय आकाश नामक बच्?चे की भी मौत हो गई। बच्चों की मौत के बाद पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है। बच्चों की मौत के बाद आश्रम प्रबंधन ने बाल कल्याण समिति को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी है।





### खून में इंफेक्शन की आशंका

आश्रम की ओर से बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष को लेटर लिखकर मामले की जानकारी दी गई है। इसमें खून में इंफेक्शन होने की बात लिखी है

### 12 बच्चों को कराया भर्ती

डॉ. अशोक यादव ने कहा कि 12 बच्चों को भर्ती किया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की पूरी टीम बच्चों के इलाज में जुटी हुई है। प्रारंभिक रूप से डायरिया की जानकारी सामने आई है और भी किसी तरह का इंफेक्शन हुआ तो उसकी जांच की जाएगी। सबसे पहले हम बच्चों की जान बचाने में जुटे हैं।

### जिसे पहले इंफेक्शन हुआ, वह स्वस्थ

बताया जा रहा है कि सबसे पहले आश्रम में कृष्णा को इंफेक्शन हुआ था। इसके बाद बाकी बच्चों की हालत बिगड़ी। कृष्णा अब स्वस्थ है। 12 साल का करण देवास जिले के सोनकच्छ का रहने वाला था। इसे 15 महीने पहले चाइल्ड लाइन के माध्यम से आश्रम में लाया गया था। जबकि, नर्मदापुरम जिले का रहने वाला 7 साल के आकाश को चाइल्ड लाइन ने 3 महीने पहले आश्रम को सौंपा था।

# 2.32 लाख नौकरियां दीं, बताया-9 लाख से ज्यादा बेरोजगार घटे

### एमपी विधानसभा में सरकार ने दिया जवाब, कांग्रेस विधायक ने मांगी थी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश सरकार का दावा है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल बेरोजगारी में कमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक 2023 के मुकाबले मई 2024 तक 9 लाख 90 हजार 935 बेरोजगार घटे हैं, जबकि सरकार ने तीन साल में सिर्फ 2.32 लाख नौकरियां दी हैं।**

ये जानकारी मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्य कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने दी है। कांग्रेस विधायक बाला बच्चन कौशल विकास और रोजगार विभाग से संबंधित जानकारी मांगी थी कि प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या कितनी है? इसमें पुरुष व महिलाओं की बेरोजगारी का स्तर क्या है?



सरकार ने कहा कि प्रदेश में पिछले साल 35 लाख 73 हजार बेरोजगार थे। इस साल मई 2024 की स्थिति में 25 लाख 82 हजार युवा बेरोजगार हैं।

**पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर दी जानकारी-** सरकार ने बताया कि 31 मई 2024 की स्थिति में रोजगार कार्यालय में दर्ज बेरोजगारों की संख्या 25 लाख 82 हजार 759 है। इसमें 15 लाख 90 हजार 387 पुरुष और 9 लाख 92 हजार 189 महिला हैं। वहीं, 183 ट्रांसजेंडर भी बेरोजगार हैं।

कांग्रेस विधायक के सवाल के जवाब में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने रोजगार पोर्टल के आधार पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर जानकारी दी।

# नर्मदा युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को धमकी

◆ फेसबुक पर डाली पोस्ट, देवास में शिकायत के बाद इंदौर में केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने नर्मदा युवा सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ फेसबुक पर टिप्पणी करने और धमकाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक नर्मदा युवा सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश पुत्र रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, निवासी बाबजी नगर एबी रोड इंदौर ने पवन सिंह नामक व्यक्ति पर केस दर्ज कराया है। प्रवेश ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका संगठन पूरे मध्यप्रदेश में संचालित किया जाता है। कई कार्यकर्ता संगठन से जुड़े हैं। संगठन का काम अवैध खनन एवं अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाना है। इस मामले में सरकार को अवगत कराकर कार्रवाई करवाते रहते हैं।

3 मई 2024 को उन्हें कार्यकर्ता अखिलेश पुत्र संजय सिंह तंवर ने बताया कि फेसबुक अकाउंट पर अशोभनीय टिप्पणी की गई है। जिसमें पवन सिंह ने लिखा कि बहुत हवा में उड़ता रहता है। बहुत शिकायत कर रिया है। टांग अड़ाने का ज्यादा ही शौक चढ़ रिया है। बीवी बच्चो की चिंता नहीं है क्या,अब इधर दिखा तो उड़ा देंगे। पहले भी कई बार बच गया। लेकिन साले इस बार नहीं बचेगा समझा। इसकी जानकारी लगने के बाद प्रवेश ने 24 जून को देवास एसपी को एक आवेदन दिया था। जिसकी जांच के लिए आवेदन लसूड़िया थाने पहुंचा।

# पंद्रह हजार एमबीए और चार हजार एमसीए की सीटों पर प्रवेश आज से

## यूजी पास विद्यार्थी भी कर सकेंगे आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमबीए-एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन (डीटीई) की आनलाइन काउंसिलिंग 2 जुलाई से शुरू होगी। सीमेट के अलावा पहले चरण की काउंसिलिंग में स्नातक पास कर चुके विद्यार्थियों भी आवेदन कर सकेंगे। डीटीई ने पहली मर्तबा काउंसिलिंग के पहले चरण में सभी विद्यार्थियों को मौका देने का फैसला लिया है।**

इंदौर जिले में 15 हजार एमबीए और 4 हजार एमसीए की सीटें है। अधिकारियों के मुताबिक शैक्षणिक योग्यता से जुड़े दस्तावेजों के साथ ही मूल निवासी और अपार आईडी भी अनिवार्य किया है। डीटीई ने एमबीए-एमसीए में पंजीयन के लिए मंगलवार से प्रक्रिया शुरू करेंगा। रजिस्ट्रेशन की लिंक 2 से 27 जुलाई तक खुली रहेंगी।

**पहले चरण में 60-70 फीसद सीटें भर सकती है-**

प्रदेशभर में एमबीए की पचास हजार सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। पहले चरण में इस बार सीमेट व अन्य प्रवेश परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के अलावा ग्रेजुएशन कर चुके छात्र-छात्राओं को भी मौका दिया है। इसके चलते उम्मीद लगाई जा रही है कि पहले चरण की काउंसिलिंग में 60-75 फीसद सीटें भर सकती है। अकेले इंदौर 76 कॉलेजों की 15 हजार सीटें है। पहले चरण में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आइएमएस, आइआइपीएस से संचालित कोर एमबीए में विद्यार्थियों की प्रवेश को लेकर दिलचस्पी रहेगी।

इसके अलावा एसजीएसआइटीएस और जीएसीसी सहित कुछ ऑटोनॉमस कॉलेज में भी विद्यार्थी प्रवेश लेंगे। शिक्षाविद् डॉ. कविता कासलीवाल का कहना है कि डीटीई ने सभी विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक खोल रखी है। इसके चलते ज्यादा से ज्यादा पंजीयन पहले चरण में होने की उम्मीद है।

**ऑनलाइन के दो चरण-**

एमबीए-एमसीए में प्रवेश के लिए डीटीई ने दो चरण ऑनलाइन काउंसिलिंग रखी है। उसके बाद कॉलेज लेवल काउंसिलिंग यानी सीएलसी के माध्यम से सीटों को भरा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक 2 से 27 जुलाई तक पंजीयन होंगे।

29 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन होगा। वैसे 15 से 31 जुलाई तक छात्र-छात्राएं च्वाइंस फीलिंग कर सकेंगे। 8 अगस्त को पहली कॉलेज आवंटन सूची जाएगी। फिर विद्यार्थियों को 12 अगस्त तक फीस जमा करना होंगी।

# गंगाडेम के नए ग्रिड से अगस्त अंत तक बिजली आपूर्ति होने लगेगी

## नेमावर रोड के 33 केवी फीडर का विभक्तिकरण देखा प्रबंध निदेशक तोमर ने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर सोमवार को इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर रहे। श्री तोमर ने पिवड़ाय के पास गंगाडेम में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (फऊरर) के तहत दो करोड़ की लागत से बन रहे 33/11 केवी के नए ग्रिड का निर्माण कार्य देखा।

उन्होंने निर्माण कार्य दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए, श्री तोमर ने कहा कि अधिकतम 31अगस्त तक इस ग्रिड से ग्रामीणों के बिजली आपूर्ति करना है। इसी के मद्देनजर कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ किया जाए। श्री तोमर ने इस अवसर पर नेमावर रोड पर खुडैल क्षेत्र के उद्योगों के लिए नेमावर रोड 33 केवी फीडर का विभक्तिकरण कार्य भी देखा। इससे इंडेक्स कॉलेज से लेकर खुडैल तक के उद्योगों को पहले की तुलना में और ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली मिलने लगेगी। दोनों ही कार्यों से बड़ी संख्या में कृषक, घरेलू, गैर घरेलू, उद्योगों को फायदा मिलेगा। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने इस मौके पर बिजली अधिकारियों से आपूर्ति गुणवत्ता के साथ करने, राजस्व संग्रहण और शिकायत निवारण पर गंभीरता रखने को कहा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, मुख्य अभियंता एवं फऊरर प्रभारी श्री एसएल करवाड़िया, इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री सुधीर आचार्य, कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## रजक समाज द्वारा डेढ़ लाख रु की शैक्षणिक सामग्री वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुरबिया रजक समाज सहकारी साख संस्था इन्दौर द्वारा कक्षा पहली से 12 वीं तक के विधार्थियों को संस्था कार्यालय से शैक्षणिक सामग्री का वितरण लगातार किया गया। आज समापन अवसर पर बच्चों और परिजनों की भीड़ लगी रही। सर्वप्रथम संत गाडगे बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर रजक समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री महेश ढालिया व सेवानिवृत वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक जगदीश जलोदिया व बसंतीलाल भारती, नारायण गौड़, राकेश परमार, प्रकाश सिंगोडिया ने कार्यक्रम की शुरूआत की। श्री सिंगोडिया ने बताया कि इस वर्ष डेढ़ लाख रुपए से अधिक की राशि से शैक्षणिक सामग्री क्रय कर वितरण किया गया। व्यवस्था में सहयोग मनीष ढालिया, सतीश पछैया , लालू चौरसिया, विकास पछैया, कैलाश परछैया का रहा। संचालन राजेश मदनपुरिया व आभार दिपेश बालियां ने माना।

## डॉक्टर्स डे के मौके पर 200 से अधिक मरीजों का मिलन समारोह

**इंदौर।** 23 साल के रौनक माथे का स्पोर्ट्स इंज्यूरी के कारण करियर बंद होने की कगार पर था वहीं 65 वर्षीय मंजुला शाह पूरी तरह से बिस्तर पर आ गई थी, समय रहते सर्जरी करवा के इनकी तरह कई लोगों ने एक नए जीवन की शुरूआत की। डॉक्टर्स डे के मौके पर 200 ऐसे ही मरीज जिन्हों ने हिप और नी के साथ ही अलग-अलग तरह की रोबोटिक सर्जरी करवाई है। ये सभी एक साथ इकट्ठा हुए और बहुत सारी सोशल एक्टिविटी का हिस्सा बने। यह पेशेंट अवेयरनेस कार्यक्रम ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में केयर सीएचएल हॉस्पिटल्स और डॉ. विनय तंतुवाय द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन के सूत्रधार ऑर्थोपेडिक रोबोटिक सर्जन डॉ. विनय तंतुवाय ने बताया कि लगभग 1 वर्ष में रोबोटिक सर्जरी से 200 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके है। उन्होंने बताया कि आज इंदौर शहर में कई राज्यों तथा महानगरों से पेशेंट आकर इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, एवं आज इस प्रोग्राम में ऐसे पेशेंट भी शामिल है जिनका अभी हाल ही में रोबोटिक सर्जरी द्वारा ऑपरेशन हुआ है और वे पूर्णरूप से स्वस्थ है। पिछले 1 वर्ष में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र( मुम्बई), राजस्थान और गुजरात के मरीज ने आकर इस सुविधा का लाभ ले चुके है, जो हमारे इंदौर के लिए गर्व की बात है।

## कटाक्ष




## शरीर के किसी भी अंग पर मात्र 30 सेकंड में लगा सकते हैं टेटू

**इंदौर।** अब शहर में भी ऐसे टेटू मिलेंगे जिसे शरीर के किसी भी अंग पर आसानी से लगाए जा सकते है और बिना दर्द के हटाये भी जा सकते है। अमेरिका बेस्ड कंपनी सिंपली इंक्ड ने अपना पहला स्टोर्स विजय नगर क्षेत्र में खोला है, जो इस कंपनी का प्रदेश का ही नहीं वरन देश का भी पहला स्टोर्स है। सिंपली इंक्ड के सीईओ अमित मल्होत्रा ने बताया कि इस स्टोर्स पर ऐसे वॉटरप्रूफ टेटूस उपलब्ध है जिसे कस्टमर स्वयं ही अपने ही हाथों से लगा सकेगा और वह भी मात्र 30 सेकंड में और उसे बिना दर्द के हटा भी सकेगा। विभिन्न रंग में ये टेटू एकदम सुरक्षित है और इससे शरीर की त्वचा को कोई नुकसान भी नहीं पहुँचता है, क्योंकि इसे अमेरिकी लेब और वहाँ की एजेंसियों ने तमाम परीक्षणों के बाद प्रमाणित किया है।

# मड पर मस्ती के साथ जिए बचपन के पल

## शेरिंगवुड वर्ल्ड स्कूल द्वारा मड पार्टी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शेरिंगवुड वर्ल्ड स्कूल बच्चों के लिए सबसे बड़ी मड पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में जहां बच्चों ने मिट्टी के घंटे में खूब धमाल मस्ती की वही प्रकृति से जुड़ाव के खेल भी खेले।

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्राची कासलीवाल दशोरा ने बताया कि मड पार्टी का आयोजन शेरिंगवुड फॉरेस्ट स्कूल के परिसर में आयोजित किया। इस आयोजन के लिए विशेष रूप से मिट्टी उज्जैन से बुलवाई गई थी। आयुर्वेद में मिट्टी चिकित्सा, यानी विभिन्न प्रकार की मिट्टी का चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए उपयोग, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में मानी जाती है। मिट्टी शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, त्वचा को



साफ़ करने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। मड पार्टी एक दिन की कीचड़ भरी रोमांचक और आउटडोर मौज-मस्ती से भरपूर थी जिसने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने का अनोखा अनुभव प्रदान किया। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं रोमांचक कीचड़ के गड्ढे, चुनौतीपूर्ण बाधा कोर्स, और विभिन्न प्रकृति-थीम वाले खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं। सभी गतिविधियां एक सुरक्षित वातावरण में तैयार किया गया, मड पार्टी में 2 आयु वर्ग के 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया और खूब एंजॉय किया।

# द्रविड़ नगर और गंगवाल बस स्टैंड पर गंदगी और कचरा मिलने पर बनाए चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के आयुक्त शिवम वर्मा ने एक तरफ जहां निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याउ पर पानी पिया तो वहीं उन्होंने दुकानदार को उसके द्वारा सड़क पर फैलाए गए कचरे की जानकारी दी । इसी प्रकार नगर निगम ने गंगवाल बस स्टैंड पर पहुंचकर दुकानों के बाहर जमा गंदगी पर चालान बनाए।**



वर्मा द्वारा आज प्रातः सफाई व्यवस्था का निरीक्षण द्रविड़ नगर से किया गया । महु नाका पर हाजरी चैक की गई गंगवाल बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वर्मा द्वारा गंगवाल बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक पानी की प्याऊ पर पानी पीकर चेक किया गया । बस स्टैंड की टिकट खिड़की पर रेड स्पॉट होने पर प्रबंधक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई के निर्देश दिए । बस की सफाई कर कचरा बाहर फेंकने पर तथा दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर स्टैंड के दरोगा को चालान बनाने की निर्देश दिए । इस दौरान आयुक्त के द्वारा कुछ दुकानों पर जाकर दुकान संचालक को उसके द्वारा दुकान का कचरा सड़क के किनारे फेंक दिए जाने को लेकर फटकार गया । इन दुकानदारों को आयुक्त ने खुद ही कचरा भी दिखाया। जोन नंबर 15 पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन एवं ओपन टीपर चेक किए और समस्त सीएसआई एवं वर्कशॉप प्रभारी को निर्देश दिए कि सुबह 6:00 बजे अनिवार्य रूप से कचरा संग्रहण वाहन एवं ओपन टीपर फील्ड में निकल जाएं।

### गंगवाल बस स्टैंड पर बने दुकानों के चालान

इसी प्रकार इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के दौरे के बाद नगर निगम की टीम में गंगवाल बस स्टैंड पर जाकर दुकानों के चालान बना दिए। वर्मा द्वारा गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर दिए गए निर्देश के बाद निगम की टीम में इस स्थान पर पहुंचकर चालान की कार्रवाई कर दी। निगम के झोन क्रमांक 15 सीएसआई द्वारा गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित प्रिंस ट्रेवल्स पर रुपए 100, जय श्री महाकाल ट्रैवल्स पर रुपए 200, रजवाड़ी चाय स्टॉल पर रुपए 200, मेहंदीपुर बालाजी स्टॉल पर रूपए 100 एवं नवीन प्रजापत टी स्टॉल पर रुपए 100 की चालान की कार्रवाई की गई।

### 3 दरोगा का वेतन काटने के निर्देश

वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 2 एवं झोन क्रमांक 12 की मच्छी बाजार रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया गया । यहां पर कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर आयुक्त द्वारा झोन 2 एवं 12 के क्षेत्रीय दरोगा का 5-5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में भी कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र के दरोगा का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

## बड़ी-बड़ी बिल्डिंग देखकर स्कूलों को न चुनें : कांचन नितिन गडकरी

### स्व. पद्मश्री श्रीमती शालिनी ताई मोघे (बड़ेताई) की 13वीं पुण्यतिथि पर दो दिवसीय आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मालवा की मैडम मोंटेसरी और 1947 से बाल शिक्षा की जनक कही जाने वाली एवं क्षेत्र में शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा की अलख जगाने वाली स्व. पद्मश्री शालिनी ताई मोघे (बड़े ताई) की 13वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बाल निकेतन संघ परिवार द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पागनीसपागा स्थित बाल निकेतन संघ में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन समाज सेविका एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पत्नी श्रीमती कांचन नितिन गडकरी ने बड़े ताई के जीवन और उनके विचारों को समर्पित शिलालेख का अनावरण किया।



समाजसेविका श्रीमती कांचन नितिन गडकरी ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मैं एक ऐसे स्कूल में आई हूं, जहां बच्चों के संस्कारों पर काम किया जा रहा है। जब मैंने बाल शिक्षा पद्धति की प्रदर्शनी देखी, तो मुझे ऐसा लगा कि इसकी जरूरत पूरे देश में है। यही वे वर्ष होते हैं, जब हम बच्चे का भविष्य निर्माण करते हैं, और यही बच्चे देश का निर्माण करते हैं, इसलिए बहुत जरूरी है कि उनकी नींव मजबूत हो। केवल बड़ी-बड़ी बिल्डिंग देखकर स्कूलों को न चुनें, बल्कि यह देखें कि कहां संस्कार दिए जा रहे हैं। दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं लेखक अनंत गंगोला ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि आज बड़े ताई के पुण्यतिथि पर मैं यहां आ पाया। दूसरों के लिए काम करना, औरों के लिए जीना जीवन में सबसे बड़ी स्थिति है, और बड़े ताई एक ऐसी शख्सियत थीं जिन्होंने न ये किया बल्कि इसे जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी दी। बाल निकेतन संघ की सचिव डॉ. नीलिमा अदमणे ने ताई के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा, हमें खुशी है कि श्रीमती गडकरी आज यहां हमारे बीच हैं। वह भी इसी तरह के विचारों से सरोकार रखती हैं और बाल उत्थान एवं महिला उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं।

## अमेजन पर होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के लिए मप्र सबसे पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन में से एक




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अमेजन डाट इन ने आज बताया कि मध्यप्रदेश और इंदौर में होम, किचन और आउटडोर कारोबार में सालाना 25ल से अधिक की बढ़ोतरी के साथ-साथ राज्य से नए ग्राहकों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन क्षेत्रों में, ग्राहकों ने स्वस्थ, स्वच्छ, सुविधाजनक और बेहतर जीवनचर्या में दिलचस्पी दिखाई है, जिसके परिणामस्वरूप रोबोटिक वैक्यूम, जिम फिटनेस एक्सेसरीज, होम सिक्योरिटी उत्पाद और इस श्रेणी के अन्य उत्पादों की मांग में अच्छा खासा उछाल देखने को मिला है।

अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर के डायरेक्टर, के एन श्रीकांत कहा, होम, किचन और आउटडोर की जरूरतों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी होने से, हम स्वस्थ, स्वच्छ और अधिक सुविधाजनक जीवन शैली के प्रति लोगों के झुकाव में वृद्धि देख रहे हैं, जिससे मध्य प्रदेश और इंदौर में हर साल दो अंकों की वृद्धि हो रही है। अमेजन पर होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के लिए मप्र सबसे पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन में से एक बन कर सामने आया है। मध्य प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है और अमेजन डाट इन की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रदेश से लगभग 58,500 विक्रेता आते हैं, जिनमें इंदौर के 18,800 विक्रेता शामिल हैं।

## एक सबल स्त्री ही दूसरी सबल स्त्री को बनाती है

### अहिल्या देवी के त्रिजन्म शताब्दी के अवसर पर प्रज्ञा प्रवाह द्वारा कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मां अहिल्या भारतीय स्त्रीत्व का उज्जवल प्रतीक है। एक सशक्त और सबल स्त्री के पीछे सबल स्त्री का ही हाथ होता है। उनकी सासू मां गौतमा बाई ने ही उनके सशक्त चरित्र का निर्माण किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ (मालवा प्रांत) के प्रज्ञा प्रवाह महिला आयाम के द्वारा लोक माता अहिल्या देवी की त्रिजन्म शताब्दी पूरी होने के अवसर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लेखिका चिन्मयी जोशी द्वारा कही गई। एसजीएसआईटीएस के गोल्डन जुबली सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए महान कार्यों की चर्चा की गई। प्रज्ञा प्रवाह एक वैचारिक मंच है, जिसका उद्देश्य समाज को वैचारिक दिशा देना है।

**समाज में स्त्री सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा-** चिन्मयी जी ने मां अहिल्या पर काफी रिसर्च करके अहिल्या बाई होल्कर द क्वीन ऑफ इंडोमिटेबल स्पिरिट किताब भी लिखी है। उन्होंने अपने वक्तव्य में अहिल्या बाई के जीवन से जुड़े कई किस्सों के बारे में बताया और कहा कि आज के आधुनिक समाज की नींव वर्षों पहले माँ अहिल्या द्वारा रख दी गई थी। उनकी सोच भविष्योन्मुखी थी। कार्यक्रम के संयोजक मिलिंद दांडेकर थे। सह आयोजक गिरीश भालेगांवकर, मयंक सक्सेना, डॉ समीक्षा नायक जी थे। कार्यकारिणी की महिला सदस्या डॉ मनीषा सक्सेना और डॉ पूजा जैन हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिता सिंह ने की थी।

## काव्य कुँअर और काव्य दीप सम्मान समारोह सम्पन्न

### साहित्यकार होने की पहली शर्त बेचैन होना है- श्री कोकजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कवि सम्मेलन शताब्दी वर्ष में डॉ. कुँअर बेचैन जी की जन्म जयंती के निमित मातृभाषा उन्नयन संस्थान व डॉ. कुँअर बेचैन स्मृति न्यास, ऑस्ट्रेलिया द्वारा काव्य कुँअर व काव्य दीप सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में सम्पन्न हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल विष्णु सदाशिव कोकजे, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि शशिकान्त यादव जी, इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी रहे। अतिथि स्वागत डॉ. पद्मा सिंह, अरविंद जवलेकर, डॉ. नीना जोशी, नितेश उपाध्याय, गोपाल गर्वित व अवनीश पाठक ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. अर्पण जैन ह्यअविचलह्न ने दिया।कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि सरोज कुमार जी को स्वर्णाक्षर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंचीय कवियों में बड़वानी से नितेश कुशवाह, मनावर से प्रद्युम्न शर्मा भानु, उज्जैन से श्रीकांत सरल, सीधी से शशांक मिश्रा अंकुर, भीकनगाँव से कृष्णपाल राजपूत, शाजापुर से अमन जादौन, इन्दौर से लव यादव, ब्रजेश मस्ताना, आकाश यादव, रिया मोरे, सचिन राव विराट, शिवम सिंह, रायसेन से नितेश व्यास, देवास से सक्षम राहुल, ओंकारेश्वर से शारदा ठाकुर, बड़द से पारस बिरला, देपालपुर से पृथ्वीराज वंशलेखक, गौतमपुरा से रुद्राश राव और सुसनेर से हरिओम शर्मा काव्य दीप सम्मान से सम्मानित किया गया।

## फिटनेस एक्टिविटीज के साथ मनाया डॉक्टर्स डे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नेशनल डॉक्टर्स डे के मौके पर एचसीजी कैंसर सेंटर, इंदौर द्वारा डॉक्टरों के लिए एक फिटनेस चैलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष डॉक्टर्स डे का थीम हाविंग्स स्टेथोस्कोपस : हीलर्स ऑफ होप डॉक्टरों द्वारा किए गए नि:स्वार्थ काम की सराहना करने के लिए रखा गया है। जिस प्रकार से डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करने की प्रक्रिया को सरल और आरामदायक बनाते हैं। यह दिन डॉक्टर और अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए की प्रशंसा और धन्यवाद के लिए बहुत महत्व रखता है। कार्यक्रम में अलग-अलग स्पेशलिटी के डॉक्टर्स ने बड़े जोश के साथ हिस्सा लिया। अपनी फिटनेस दिखाने और कुछ मनोरंजक समय बिताने के लिए डॉक्टर्स और सभी प्रोफेशनल्स में उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर एचसीजी कैंसर सेंटर इंदौर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अंजन पोद्दार का कहना था कि मरीजों की देखभाल के लिए हमारे डॉक्टर्स एक लाइफ फोर्स हैं। उनकी सेवा के लिए हम तहेदिल से शुक्रगुजार हैं। अपने परिवार से भी ज्यादा प्राथमिकता वो मरीजों को देते हैं, यह बहुत सराहनीय है।

# पुलिस से भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता, वाटर कैनन से खदेड़ा

**नीट-नर्सिंग घोटाले पर प्रदेशभर में प्रदर्शन; मंदसौर में पुतला फूंकते समय नेता आग में झुलसे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर । मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाला और नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। इस दौरान जबलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और उन्हें खदेड़ा। इधर, मंदसौर में पुतला दहन करते समय कांग्रेस नेता के कुर्ते में आग लग गई। इससे वे झुलस गए।**



जबलपुर के गांधी टाउन हॉल से कांग्रेस कार्यकर्ता जैसे ही कलेक्ट्रेट परिसर के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें घंटाघर चौक पर रोक लिया। कांग्रेस का उग्र आंदोलन देख पुलिस ने वाटर कैनन से उन पर पानी की बौछार की। कांग्रेस कार्यकर्ता भी बेरिकेड्स पर चढ़ गए और आगे बढ़ने की कोशिश की। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। जिसके बाद पुलिस ने कांग्रेस के 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कांग्रेस कार्यकतार्ओं को घंटाघर चौक पर रोक दिया। यहां उनकी पुलिस से झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें खदेड़ा।

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि जब-जब छात्रों पर अन्याय हुआ है, तब-तब भाजपा सरकार ने पुलिस का सहारा लिया और विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया है। लेकिन सरकार ये समझ ले कि कांग्रेस पार्टी की आवाज किसी भी कीमत पर दबेगी नहीं और हमेशा छात्रों के हित में सड़क पर रहेगी।

कांग्रेस का आरोप है कि नीट घोटाले को लेकर भाजपा सरकार दोषी है। भर्ती परीक्षाओं में लगातार घोटाले किए जा रहे हैं। रसूखदार लोगों से लाखों-करोड़ों रुपए बटोर कर पेपर लीक कर देते हैं। सब कुछ सरकार के इशारे पर हो रहा है।

### मंदसौरः पुतला फूंक रहे थे, कांग्रेस नेता के कुर्ते में लगी आग

मंदसौर में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर के कुर्ते में आग लग गई। हालांकि कार्यकतार्ओं ने तत्काल आग बुझा ली। बता दें कि कांग्रेस नेता प्रदर्शन के दौरान मंत्री का पुतला जला रहे थे। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर पुतले की छीना झपटी चलती रही।

मौके पर फायर फाइटर ने पानी की बौछार डालकर पुतले की आग बुझाई। इसी दौरान कार्यकर्ता एक और पुतला ले आए और उसे दहन किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष के कुर्ते में आग लग गई जिसे तुरंत बुझाया गया। हालांकि इस दौरान उनकी गर्दन मामूली रूप से झुलस गई।

### नर्मदापुरमः बारिश के बीच हुआ विरोध प्रदर्शन

नर्मदापुरम के पीपल चौक पर कांग्रेस ने बारिश के बीच धरना-प्रदर्शन किया। बारिश की वजह से सुनने वालों की संख्या कम रही। मंच पर पदाधिकारी भाषण देते रहे। आखिर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया और पुतला जलाया गया।

कांग्रेस नेताओं ने नर्सिंग कॉलेज घोटाला और पेपर लीक कांड में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर बयानबाजी की।

## उत्पाती बंदर पकड़ाया, 6 लोगों को काट चुका

**वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज कर पकड़ा**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। रविवार को एक बंदर ने उत्पात मचाते हुए बच्ची को काट लिया था। इसके बाद बंदर ने सोमवार को भी एक महिला पर हमला कर दिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने करीब 4 घंटे में ट्रैंकुलाइज कर उत्पाती बंदर को पकड़ लिया। इस इलाके कई बंदर हैं, जो कि अब तक 22 लोगों को काट चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि पंवासा क्षेत्र के 2 बच्चों, निमनवासा में 4 महिलाओं को काटकर गंभीर घायल करने वाले उत्पाती बंदर को वन विभाग उज्जैन की रेस्क्यू टीम ने 2 दिन की मशक्कत के बाद ट्रैंकुलाइज करके अपने कब्जे में लिया।रविवार को बंदर ने बच्चे पर हमला किया था, जिसमें 9 साल की हर्षिता सनोठिया भाई को बचाने आगे गई, तो बंदर ने उस पर हमला कर उसके पैर में बुरी तरह काट लिया था।

घायल हालत में बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को वन विभाग की टीम बंदर को पकड़ने के लिए घूमती रही थी। इसी दौरान बंदर ने एक महिला को काट लिया, जिसके बाद वन विभाग की 5 सदस्य टीम ने चकोर पार्क में खोजबीन कर उसे पकड़ लिया। वन विभाग के रेंजर मदन सिंह ने बताया कि चकोर पार्क के आगे बंदर को मुश्किल से ट्रैंकुलाइज गन से बेहोश किया गया। वन विभाग के 5 कर्मचारियों ने बंदर को पकड़कर विभाग में गये है। उसे बाद में जंगल में छोड़ा जाएगा।

# कुल्हाड़ी से पत्नी की गर्दन काटी

**◆ चरित्र शंका में किया मर्डर, आंगन में लहूलुहान लाश फेंककर भागा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़। राजगढ़ जिले के माधोपुरा गांव में सोमवार को पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने लहूलुहान लाश को आंगन में छोड़ा और फरार हो गया। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि पति ने चरित्र शंका में पत्नी की हत्या की है।**



मामला सुठालिया थाना क्षेत्र के गाधोपुरा गांव का है। धीरप सौंधिया (50) ने पत्नी लीलाबाई (45) की हत्या की है। नेहा गौर ने बताया कि आरोपी पति ने महिला के गले पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ब्यावरा भेजा गया। आरोपी पर नई धाराओं के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।

धीरप पत्नी लीलाबाई पर चरित्र शंका करता था। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि चरित्र शंका को लेकर ही दोनों के बीच पिछले दो साल से विवाद चला आ रहा था। कई बार विवाद मारपीट तक पहुंचा।

पिछले 8 दिन से दोनों के बीच बहुत ज्यादा विवाद हो रहा था। सोमवार को भी इनके बीच बहस हो रही थी। किसी को भी ऐसा नहीं लगा था कि धीरप पत्नी की हत्या कर देगा। सुबह से दोपहर तक घर से आवाजें आती रहीं। इसके बाद अचानक से शांति छा गई। कुछ देर बाद पति को लोगों ने बाहर निकलते देखा।

उनके जाने के बाद घर पहुंचे तो महिला आंगन में लहूलुहान पड़ी थी। उसका गला कटा हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## नए कानून में पहले दिन 7 प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। सोमवार से लागू हुए नए कानून के तहत शहर में 7 प्रकरण दर्ज हुए है, इनमें 2 चिमनगंज मंडी थाने में, कोतवाली, चिंतामन, पंवासा, नानाखेड़ा, महिदपुर और खाचरौद थाने में 1-1 प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसपी नीतेश भार्गव ने माधव नगर थाने में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को नए कानून बीएनएस के नियम,साक्ष्य अधिनियम और नागरिकों के कानून की जानकारी देकर लाभ बताए। सीएसपी दीपिका शिंदे और टीआई राकेश भारती ने भी नए कानून को लेकर लोगों के सवालों के जवाब किए।

## आवेदन दिया तो पता चला बहन शादीशुदा

**◆ सरकारी रिकार्ड देख भाई के होश उड़े, बोला- 9 साल पहले बहन नाबालिग थी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



दमोह। दमोह जिले में सामूहिक विवाह सम्मेलन से जुड़ा एक फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। साल 2015 में हिंडोरिया में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक नाबालिग बालिका की समग्र आईडी का नंबर उपयोग कर फर्जी विवाह करा दिया गया। इसका खुलासा सोमवार दोपहर उस समय हुआ जब परिजन अपनी उसी बेटी का विवाह 7 जुलाई को पथरिया में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में कराने के लिए आवेदन करने पथरिया पहुंचे।

इधर, जनपद सीईओ का कहना है कि ऑनलाइन बेटी की शादी होना बताया जा रहा है। हालांकि परिजन कह रहे हैं की शादी नहीं हुई है, तो हम उसकी जांच कर लेंगे।

19 साल की हो चुकी कल्लो लोधी के भाई जितेंद्र लोधी ने बताया कि मैं पथरिया के मगरधा गांव में रहता हूं। 7 जुलाई को पथरिया में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हो रहा है। मैंने भी अपनी बहन की शादी करना तय किया है। शादी की पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्ड भी छप चुके हैं। हालांकि, जब यहां आवेदन करने पहुंचे तो पता चला कि मेरी बहन की शादी तो साल 2015 में हिंडोरिया में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में हो चुकी है। मुझे लगता है कि उस समय पंचायत के सहायक अजीत सिंह थे और संभव है कि उन्होंने ही मेरी बहन के दस्तावेज लेकर ये फर्जीवाड़ा किया होगा।

पथरिया जनपद सीईओ मनोज कुमार गुप्ता का कहना है उन्हें भी जानकारी मिली है। समग्र आईडी पोर्टल पर डालने पर पता चलता है की युवती की शादी हो चुकी है, लेकिन यदि परिजन कह रहे हैं की शादी नहीं हुई है, तो मैं इस मामले की जांच कर लूंगा।

**तीन साल बाद प्रेमी जोड़े की हत्या का खुलासा**

# तीन आरोपियों ने गला दबाकर मारा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना पुलिस ने तीन साल पहले हुए एक अंधे कत्ल का खुलासा किया है। जिसमें एक प्रेमी और प्रेमिका की हत्या करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने सीसीटीवी फुटेज एवं परिजनों के बयानों के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने हत्या करने का जुर्म कबूल लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक अभी फरार है। युवक-युवती की हत्या 5 अक्टूबर 2021 को की गई थी। जिस युवक की हत्या की थी उसका नाम प्रहलाद आदिवासी (22) साल निवासी पड़ोरा थाना मायापुर जिला शिवपुरी था। युवक की प्रेमिका का नाम मान बाई पिता जगराम आदिवासी उम्र 17-18 साल निवासी खैरोना थाना भौंती जिला शिवपुरी थी। यह हत्या पाल सिंह उर्फ पालू जाट पुत्र भैया लाल, ब्रजपाल पुत्र भैया लाल जाट, निवासी भगवानपुर, घनश्याम पुत्र हरदेव सिंह जाट निवासी जोलन थाना ईसागढ़ ने की थी। आरोपी पाल सिंह और घनश्याम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## संपादकीय


### अमेरिका में चुनाव की पहली बहस में उठे कई मुद्दों

अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं और मैदान में मुख्य रूप से दो उम्मीदवार हैं- मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। इसके लिए चुनाव अभियान की शुरुआत हो चुकी है और अलग-अलग चरणों में प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रही है। अमेरिका में बाइडेन और ट्रंप के बीच इस चुनाव की पहली बहस हुई, जिसमें सवाल-जवाब के दौरान दोनों उम्मीदवारों की कोशिश एक दूसरे पर हावी होने की रही, मगर इसमें बाइडेन की प्रस्तुति जैसी रही, उसके मुताबिक माना जा रहा है कि उनके लिए आगे की लड़ाई थोड़ी मुश्किल साबित होने वाली है। हालांकि सितंबर में अगली बहस होगी, मगर यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि उस समय हालात में कोई बड़ा बदलाव आ जाएगा। दरअसल, बहस में उठे कई मुद्दों पर राय जाहिर करने के क्रम में बाइडेन के भीतर जिस तरह की अस्पष्टता और कमियां देखी गईं, उसके मद्देनजर अब उनके भविष्य को लेकर चिंता जताई जाने लगी है। खुद बाइडेन का खेमा अब शायद इन चुनावों में उनकी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। मसलन, कई सवालों के जवाब में ट्रंप ने जहां सबका ध्यान खुद पर केंद्रित रखा, मुद्दों पर स्पष्ट रहे, वहीं बाइडेन एक तरह से बहस में चूक गए। कई बातों का जवाब देते हुए बाइडेन अटक रहे थे और काफी अस्पष्ट तरीके से बोल रहे थे। काफी समय तक उनकी जबान फिसलती रही। कई सवालों का उन्होंने जो जवाब दिया, उसका कोई अर्थ समझ में नहीं आया। उनके लिए अभियान चलाने वाले समूह को यह सफाई देनी पड़ी कि वे सर्दी से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, कई तरह के आरोपों से घिरे होने के बावजूद ट्रंप ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की। यह बेवजह नहीं है कि राष्ट्रपति पद के लिए हुई पहली बहस के बाद बाइडेन के खेमे में एक तरह की आशंका पैदा हो गई है और अब उनके विकल्पों पर भी बात होने लगी है। संभव है कि इक्यासी वर्ष की उम्र में बाइडेन स्वास्थ्य संबंधी या अन्य किसी बाधा से गुजर रहे हों। मगर अमेरिका का नेतृत्व करने के लिए जिन कसौटियों पर खरा उतरना जरूरी है, उन पर अगर बाइडेन कमजोर दिखने लगे हैं तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि वे खुद ही देश के शीर्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाएं!

**अर्ज किया है..!**

*तुझ में गर बारिश समुंदर*
*के बराबर है तो क्या*
*मेरे अंदर भी हैं सहरा के*
*बराबर तिश्नगी*

-नज़ीर आज़ाद




**Health is Wealth**

## खाना पकाने के लिए भूलकर भी ना करें
# नॉन स्टिक बर्तन का इस्तेमाल
## 'ICMR' ने बताई वजह

आजकल की भागदौड़ भरी लाइस्टाइल के चलते ज्यादातर महिलाएं अपनी किचन में कलरफुल नॉनस्टिक बर्तन रखना बेहद पसंद करती हैं। रंग-बिरंगे इन बर्तनों में खाना पकाते समय ना सिर्फ तेल कम लगता है बल्कि ये यूज करने में भी बेहद कम्फर्टेबल होते हैं। लाइफ को आसान बनाने वाले इन नॉनस्टिक बर्तनों की खूबसूरती और फायदों के बावजूद क्या आप जानते हैं सेहत पर हुए शोध बताते हैं कि खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले ये नॉनस्टिक बर्तन सेहत को गंभीर नुकसान भी पहुंचाते हैं। जी हां, भारतीयों के लिए जारी नई डाइटरी गाइडलाइन्स में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (एनआईएन) ने नॉन-स्टिक बर्तन में खाना नहीं बनाने की सलाह दी है। आइए जानते हैं इसके पीछे छिपी वजह।



### नॉन-स्टिक बर्तन में खाना पकाने के नुकसान

अमेरिका में हुए एक रिसर्च में पाया गया है कि लगातार कई सालों तक नॉनस्टिक बर्तनों में खाना पकाने से शरीर में टेफ्लॉन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे व्यक्ति को कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। बता दें, नॉनस्टिक पैन में सिंथेटिक पॉलीमर मौजूद होते हैं, जिसे पॉलीटेट्रा फ्लूरोएथलिन और टेफ्लॉन के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में तेज आंच पर टेफ्लॉन से रिलीज होने वाले केमिकल्स लोगों में इनफर्टिलिटी और हार्ट प्रॉब्लम जैसी गंभार रोगों की वजह बन सकते हैं।

हेल्थ पर हुए कई शोध बताते हैं कि इस तरह के बर्तनों में खाना पकाकर खाने से व्यक्ति के शरीर में आयरन की कमी और उससे जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। बता दें, नॉन स्टिक बर्तनों की उतरती कोटिंग आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

नॉन-स्टिक कुकवेयर को जब तेज आंच पर गर्म किया जाता है, तो उसमें से निकलने वाले रसायन हवा में जहरीला धुआं छोड़ सकते हैं, जिससे उस धुंए के संपर्क में आने वाले लोगों के लिए श्वसन समस्याएं और थायरॉयड डिसऑर्डर जैसे हेल्थ रिस्क पैदा हो सकते हैं।

नॉनस्टिक पैन को खाली गर्म करने पर इसमें से कुछ गैसें निकलती हैं, जो शरीर में प्रवेश करके पेट खराब करने का भी कारण बनती हैं।

New Delhi

# बाढ़ का कहर: असम में तीन लाख से अधिक लोग बेघर, भारी बारिश से अब तक 60 लोगों की मौत; गुजरात में तूफान से तबाही

**नई दिल्ली**। मौसम ने देश के कई हिस्सों में जहां चेहरे पर मुस्कान खिलाई है वहीं पूर्वोत्तर इसकी मार से कराह रहा है। पिछले एक माह से बाढ़ से जूझ रहे असम और अरुणाचल में लोग अस्थायी कैंपों में रह रहे हैं। असम में करीब 3 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं और अब तक 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

लगातार हो रही बारिश से ब्रह्मपुत्र नदी में पानी बढ़ गया है जिससे कुछ दिनों संभलने के बाद रविवार को बाढ़ ने फिर विकराल रूप ले लिया और नगांव, डिब्रूगढ़ समेत दर्जन भर जिले पानी में डूब गए। लोगों के घरों में घुटनों पानी भरा है। एनडीआरएफ की टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रही हैं। वहीं गुजरात के सूरत में भी



तूफान ने भारी तबाही मचाई। बड़ी संख्या में पेड़ गिरने से कई रास्ते बंद है।

बदरीनाथ धाम में अलकनंदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार दोपहर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पुलिस प्रशासन ने तप्तकुंड खाली करा दिया है। यहां से नदी का जलस्तर मात्र छह फीट नीचे रह गया है। नारद शिला और वारहशिला पानी में डूब चुके हैं। पुलिस ने पूरे धाम में यात्रियों व स्थानीय लोगों को अनाउंस कराकर सतर्क किया। साथ ही तप्तकुंड को भी खाली करा दिया गया है। ऊपरी क्षेत्रों में हो रही बारिश से पिछले कुछ दिनों से अलकनंदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को अपराह्न बदरीनाथ धाम में अलकनंदा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा।

Uttarpradesh

## यूपी STF से एनकाउंटर में मारा गया एक लाख का इनामी 'चवन्नी', AK-47 मिली; दर्ज थे 23 ज्यादा केस



**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी एसटीएफ और पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत आमने-सामने की मुठभेड़ में एक लाख का इनामी जौनपुर का कुख्यात अपराधी मोनू चवन्नी मारा गया है। उसके पास से पुलिस को एके-47 और एक पिस्टल मिली है। यह मुठभेड़ जौनपुर के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के दुगोली मोड़ के पास मंगलवार की भोर में हुई। मुठभेड़ के दौरान करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं।

मुठभेड़ में बदमाश सुमित सिंह उर्फ चवन्नी को ढेर हो गया। बताया जा रहा है कि चवन्नी पर यूपी और बिहार में 23 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के मऊ जिला निवासी सुमित सिंह उर्फ मोनू उर्फ चवन्नी कई साल से जरायम की दुनिया में बना हुआ था। वह यूपी और बिहार के विभिन्न जनपदों में कांट्रैक्ट किलर के रूप में काम करता था। हत्या लूट जैसे दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज होने के बाद उसे पर एक लाख का इनाम भी घोषित था। पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी।

इसी बीच सूचना मिली कि वह बदलापुर क्षेत्र में है। एसटीएफ और पुलिस जब उसे पकड़ने गई तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली चवन्नी को लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

Haryana

## गुरुग्राम की सोसाइटी में 16 साल के लड़के ने पड़ोसी 9 साल की लड़की की गला दबाकर हत्या की, फिर बॉडी जला दी

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** हरियाणा के गुरुग्राम में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाले 16 वर्षीय नाबालिग पड़ोसी ने 9 वर्षीय लड़की की गला घोंटकर हत्या कर दी और कपूर डालकर उसके शव को जला दिया. आरोपी लड़का सोसाइटी में ही दूसरे टावर में रहता था और नाबालिग लड़की के फ्लैट में गोल्ड चोरी करते पकड़ा गया था. घटना राजेंद्रा पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 107 स्थित सोसायटी की है. पुलिस का कहना है कि सोमवार को 16 वर्षीय लड़के को 9 साल की बच्ची ने अपने फ्लैट में जेवर चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया था. लड़की ने शोर मचाया और घरवालों को घटना के बारे में जानकारी दिए जाने की बात कही तो पड़ोसी लड़के ने कथित तौर पर उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके शरीर में आग लगा दी. पीड़िता और आरोपी दोनों के परिवार दो अलग-अलग टावरों में रहते हैं और उनके बीच अच्छे संबंध थे. मासूम बच्ची चौथी कक्षा में पढ़ती थी. जबकि आरोपी 10वीं कक्षा का छात्र है. पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह बच्ची के पिता ऑफिस चले गए.

Rajasthan

## हाई सिक्योरिटी जेल में कुख्यात बदमाशों ने रचा बड़ा षड्यंत्र, लेकिन जयपुर पुलिस ने फेरा मंसूबों पर पानी

**जयपुर, (एजेंसी)** लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे रोहित गोदारा गैंग के कुख्यात बदमाशों के मंसूबों पर जयपुर पुलिस ने पानी फेर दिया. रंगदारी नहीं देने पर राजस्थान के व्यापारियों पर फायरिंग करने की बड़ी वारदात से पहले ही बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया. जयपुर की चित्रकूट थाना पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इसमें 3 आरोपियों को पुलिस ने अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है. यह आरोपी गैंगस्टर राजू ठेहठ हत्याकांड में हाई सिक्योरिटी जेल में सजा काट रहे थे और इसी दौरान उन्होंने पूरा षड्यंत्र रचा लेकिन पुलिस ने अंजाम देने से पहले ही भंडाफोड़ कर दिया. जयपुर पश्चिम पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया, शहर में संगठित आपराधिक गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने की बढ़ रही घटनाओं को लेकर एक स्पेशल टीम का गठन किया गया था. जिसके तहत चित्रकूट थाना पुलिस एक प्रकरण में प्रोडक्शन वारंट पर अजमेर हाई सिक्यूरिटी जेल में बंद विक्रम गुर्जर, मुकेश जाट और कुलदीप चौधरी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सीकर संभाग और आसापास के इलाकों के ठेके और खनन कार्य से जुड़े हुए व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी की प्लानिंग की जा रही थी. इसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपी सोनू सिंह, लोकेश साहू उर्फ मोदी, गिरधारी मान, हंसराज गुर्जर, जयसिंह राव, कुलदीप और जयसिंह को गिरफ्तार किया.

खेल

# खिताब जीतने के बाद अब तक स्वदेश नहीं लौटी रोहित की सेना?

**बारबाडोस, (एजेंसी) भारत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात रनों से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। अब भारतीय फैंस को रोहित शर्मा की सेना का इंतजार है। हालांकि, अब तक टीम इंडिया की रवानगी को लेकर कोई अपडेट आया है। इस बीच खबर है कि बारबाडोस में तूफान की वजह से भारतीय टीम की वापसी में कुछ और दिन लग सकते हैं।**




रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले 2007 में तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम इंडिया ने पहला खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। यही वजह है कि फैंस उनसे मिलने के लिए बेताब हैं। हालांकि, अभी कुछ दिन प्रशंसकों को और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, बारबाडोस का मौसम पिछले कुछ दिनों से खराब है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ घंटों में वहां चक्रवाती तूफान की आशंका जताई गई है। वहीं, 170-200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस स्थिति में ब्रिजटाउन के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। वहीं, टीम इंडिया को होटल में ही रुकने को कहा गया है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि बीसीसीआई उनके लिए चार्टर प्लेन की व्यवस्था कर सकती है।

सिनेमा

## सोमवार को झन्नाट कमाई के साथ प्रभास की फिल्म ने तोड़े रिकॉर्ड




पैन इंडिया स्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 AD' ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर झन्नाट कमाई कर रही है. ओपनिंग डे पर धमाकेदार कलेक्शन करने के बाद फिल्म ने वीकेंड पर जबरदस्त कमाई की और अब मंडे एग्जाम में भी प्रभास की फिल्म ने खूब नोट कूटे हैं. वीकेंड के बाद 'कल्कि 2898 AD' पर रिलीज के पांचवे दिन भी नोटों की बारिश हुई, जिसका सबूत फिल्म के 5वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े हैं. प्रभास की फिल्म की कमाई के पांचवे दिन के शुरुआती आंकडे.आ चुके हैं, जिससे पता चलता है कि 'कल्कि 2898 AD' फुल स्पीड में दौड़ रही है और इसी के साथ दो ही दिनों में उस जादुई आंकड़े के करीब पहुंच गई है, जिसके नजदीक पहुंचने में बहुत सी फिल्मों को पूरा महीना लग जाता है. प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन स्टारर 'कल्कि 2898 AD' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम है. नॉन हॉलिडे पर रिलीज होने के बाद भी इस फिल्म ने रिलीज के 5वें दिन छप्परफाड़ कमाई की है. शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'कल्कि 2898 AD' ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन दुनिया भर में लगभग 84 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'कल्कि 2898 AD' ने सोमवार को भारत में सभी भाषाओं में 34.6 करोड़ से ज्यादा का नेट कलेक्शन किया.

## Highlights

1. Parts of Rahul Gandhi's speech in Lok Sabha expunged amid controversy
2. Traffic advisory for Gurugram-Delhi route on NH-48 amid roadworks
3. Ayodhya officer's heartwarming gesture with helmet earns praise
4. Preventing spouse from being on Facebook, Instagram is cruelty: Telangana HC
5. Mizoram church elder gets 10 years for rape
6. Gokhale bridge-Barfiwala connector in Mumbai to open on July 4

# Adani Group stocks Adani Ent, Adani Ports trade flat after Hindenburg response




**NEW DEIHI, (Agency).** Most Adani Group stocks traded flat in early deals July 2 Hindenburg's response to Indian capital market regulator Sebi's show-cause notice. The US short seller termed the notice as an "attempt to silence and intimidate those who expose corruption." Following this, shares of the group's flagship firm, Adani Enterprises, slipped about 0.4 per cent in opening deals while those of Adani Ports inched up by 0.07 per cent.

Shares of Adani Total Gas (up 0.91 per cent), Adani Wilmar (up 0.45 per cent), ACC (up 0.35 per cent), Adani Energy Solutions (up 0.13 per cent), Ambuja Cements (up 0.12 per cent), Adani Green (up 0.03 per cent) and Adani Power (down 0.24 per cent) witnessed mild movements.

This comes after US-based Hindenburg research said that it has received a show cause notice from market regulator Sebi regarding its report on the Adani Group. The 46-page show cause notice was delivered on June 27, it said, adding that the research firm was short on Adani shares "through a deal with an investor partner who was indirectly short Adani derivatives through a non-Indian, offshore fund structure".

Hindenburg had adequately disclosed that it was short on Adani shares, "so readers could weigh the potential for bias given that we stood to benefit from a decline in Adani shares," it said.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Opening bell : Nifty crosses 24,200 for the first time, Sensex nears 80,000

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian shares hit record highs today (July 2) led by information technology stocks which continued to rise on renewed hopes of an interest rate cut by the US Federal Reserve in September. The NSE Nifty 50 was up 0.21% at 24,186.5 points, while BSE Sensex added 0.22% to 79,653.21 points, as of 9:21 a.m. IST.



IT stocks, which rose 2% in the previous session, added 0.7% today. All the 13 major sectors logged gains. The broader, more domestically focussed small- and mid-caps rose 0.4% and 0.2%, respectively.

The rupee depreciated 12 paise to 83.56 against the US dollar in early trade on Tuesday, weighed down by the strengthening of the American currency in the overseas markets and elevated crude oil prices.

Forex traders said oil importers and foreign portfolio investors (FPIs) bought US dollars amid rising US yields, and this dragged down the local unit.

At the interbank foreign exchange market, the rupee opened at 83.51 and lost further ground to trade at 83.56 against the greenback in initial deals, registering a fall of 12 paise from its previous closing level.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# शातिर चोर से 16 बाइक जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** आठ थाना क्षेत्र से 16 बाइक चुराने वाले बदमाश को तुकोगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वाहन चोरी के बाद आरोपी निजी अस्पताल के पास दोबारा अपराध करने की नीयत से घुम रहा था। वह चोरी के बाद रतलाम जिले के पिपलौदा पहुंच गया था। आरोपी ने थाना तुकोगंज, बाणगंगा, कोतवाली, विजय नगर, छोटी ग्वालटोली, सदर बाजार, एरोड्रम और बेटमा में वारदात की थी। लगातार वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने व्यावसायिक क्षेत्र की पार्किंग, मॉल की पार्किंग, सिल्वर माल, 56 दुकान तथा अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया। 56 दुकान और शेल्बी अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को निर्धारित पार्किंग नहीं मिलने से वे रोड किनारे वाहन खड़े देते हैं।

इन दोनों स्थानों पर वाहन चोरी रोकने सादी वर्दी में पुलिस जवान तैनात किए। इसके अतिरिक्त वाहन चोरी के स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाकर उन पर सतत निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना वाहन चोर हरिओम मकवाना थाना क्षेत्र में अपने साथियों के साथ घुमता रहता है। उस पर कई थानों में केस दर्ज हैं। यह भी पता चला था कि वह दो-तीन दिन पहले शेल्बी अस्पताल के आसपास भी घुमता दिखा है। इस पर उसकी तलाश तो वह पिपलौदा में मिला।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गर्लफ्रेंड उनसे महंगे आईफोन की डिमांड करती थी, जिसे पूरा करने वे बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। उनका प्लान था कि बाइक बेचकर इससे मिलने वाले पैसों से अपनी प्रेमिका को महंगा आईफोन गिफ्ट करेंगे। लेकिन इससे पहले ही वे पुलिस की पकड़ में आ गए।

आरोपी ने बताया कि नाबालिग साथी को बाइक चोरी कर देता था। वह बाइक को सुरक्षित स्थान पर खड़ी कर देता था। पुलिस ने उसके साथी गोकुल गौड़ को पकड़ा। आरोपियों से बाणगंगा की 3, कोतवाली की 1, बेटमा की 1, विजय नगर 1, छोटी ग्वालटोली 1, सदर बाजार 1, तुकोगंज 1, एरोड्रम1 से चुराई बाइकें बरामद की है।

## ई सिगरेट बेचने वाला पकड़ाया

**इंदौर।** भवरकुंआ इलाके में ई सिगरेट और गो गो पेपर बेचने वाले पर पुलिस ने शिकंजा कसा और उसे गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर भंवरकुंआ थाना क्षेत्र की पूजा पान दुकान पर दबिश दी गई और उसके संचालक अमन पिता अब्दुल वाहिद निवासी राऊध कमाठीपुरा को गिरफ्तार कर उसके पास से ई सिगरेट के 100 पैकेट, लैवर सिगरेट के 238 पैकेट,गो गो पैकेट,हुक्का लैवर के तीन डिब्बे,हुक्का लैवर को जलाने वाली 2 सिगड़ी सहित कोल का डिब्बा व अन्य प्रतिंबधित सामान जब्त किया।

## लेनदेन के विवाद में मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लेन देन की बात पर हुए विवाद में आरोपी ने एक युवक को पीटा और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हीरानगर पुलिस के



मुताबिक घायल का नाम प्रथम पिता संतोष खत्री निवासी न्यू गौरीनगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सुंदर चौरसिया निवासी भाग्य लक्ष्मी कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना अभिनंदन नगर मैदान महादेव मंदिर के पास हुई। फरियादी ने बताया कि आरोपी को मैं पहले से जानता हूं। वह मेरे पास आया और पैसों के लेन देन की बात को लेकर मुझे गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मारपीट की और चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### यहां भी हुई चाकूबाजी

एक युवक पर बाइक सवार ने अचानक हमला कर दिया। उसे गालियां दी और चाकू मार दिया। लसूडिया पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना न्यू लोहा मंडी देवास नाका इलाके में हुई। घायल का नाम मनीष पिता पतिराम यादव निवासी विजयनगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अजय दांगी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि अजय दांगी से मिलने मैं न्यू लोहा मंडी देवास नाका पहुंचा था। वह बाइक पर बैठा मिला मुझे देखते ही गालियां देने लगा और मारपीट शुरू कर दी। उसने मेरे सिर में चाकू से वार कर दिया। उसने धमकाया कि थाने पर रिपोर्ट करने गया तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# नए कानून नए प्रावधान को लेकर देपालपुर थाने पर बैठक के साथ पुलिस ने किया संवाद





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** भारतीय न्याय संहिता के नए प्रावधानों को लेकर पुलिस ने आज थाना परिसर में पुलिसकर्मियों पत्रकारों छात्राओं जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से थाना परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओपी राहुल खरे एवं थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल भी उपस्थित थे ।

इस अवसर पर एसडीओपी राहुल खरे ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज से पुलिस विभाग में भारतीय दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है 1 जुलाई से अनेक कानून में नए स्वरूप में लागू हो गए हैं। नया कानून नए प्रावधान दंड से शीघ्र न्याय की ओर ले जाने हेतु कानून में परिवर्तन किए गए हैं भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के स्थान पर भारतीय न्यायाधीश संहिता में 358 कानून लागू किए गए हैं भारतीय दंड संहिता के 163 कानून काम किए गए हैं एवं 17 नए कानून का प्रावधान किया गया है अब नए कानून के अंतर्गत महिला डेस्क महिला पुलिस पीड़ित महिला की खुद रिपोर्ट लिखेगी पहचान छुपा कर शादी करने वालों पर कड़े प्रावधान किए गए हैं राष्ट्रद्रोह के स्थान पर देशद्रोह का कानून लागू किया गया है साथ ही मृत्यु दंड का भी प्रावधान रखा गया है ई रिपोर्ट के साथ-साथ बच्चों महिलाओं सीनियर सिटीजन विकलांग आदि लोगों के लिए विशेष ध्यान रखा गया है ताकि इन्हें परेशान ना होना पड़े न्यायालय के संमस अब व्हाट्सएप ईमेल के जरिए भी भेजे जा सकेंगे पुलिस के द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों में 90% सजा की संभावनाएं बढ़ जाएगी दोषी व्यक्ति को छूटने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष गोपाल कटे सरिया मुकेश जैन फारुक खान सांसद प्रतिनिधि अजय आहूजा पार्षद सोमिल माली पार्षद मजीद खान पार्षद करामत खान सलाम खान बबलू गहलोत अजीज खान के अलावा पुलिस थाना का समस्त स्टाफ पत्रकार एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं उपस्थित थी।

# रक्तदान शिविर में 151 यूनिट ब्लड एकत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**इंदौर।** समाज में एक दूसरे की मदद करना इंसानियत को जिंदा रखने जैसा है। यह विचार समाज सेवी किशन मोटलानी ने रक्तदान शिविर के दौरान व्यक्त किए।

गत दिनों मोटलानी वेलफेयर ग्रुप द्वारा तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन गुमास्ता नगर स्थित आनंद एन आनंद पर किया गया इस दौरान ग्रुप के संचालक और युवा समाजसेवी श्री किशन मोटलानी ने बताया कि सामाजिक सरोकार से संकल्पित ग्रुप द्वारा समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में रक्तदान के साथ स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर प्रमुख कमलेश पंजाबी ने बताया कि शिविर एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज और एम.वाय. हॉस्पिटल इंदौर के साथ मिलकर संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और स्वैच्छिक रूप रक्तदान किया, जिसके तहत 151 यूनिट्स ब्लड एकत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि मोटलानी परिवार द्वारा कई वर्षो से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है ।

## नर्स को पूर्व प्रेमी ने किया परेशान, रास्ता रोककर बात करने के लिए धमकाया

**इंदौर।** तुकोगंज पुलिस ने सरकारी अस्पताल की नर्स की शिकायत पर पूर्व प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूर्व प्रेमी उसे आते-जाते परेशान करते हुए बात नहीं करने पर धमका रहा था। पुलिस के मुताबिक 27 साल की युवती की शिकायत पर राजू पुत्र भीम सिंह चौहान निवासी बाग नीम खेड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने बताया कि वह सरकारी अस्पताल में स्टाफ नर्स है। राजू सिंह से उसके पांच साल तक प्रेम संबंध रहे। वह शंका करता था। इसलिए उससे बात बंद कर दी। रविवार रात को ड्यूटी खत्म कर भंवरकुंआ घर जाने के लिए निकली तो आरएनटी मार्ग पेट्रोल पंप के यहां राजू ने रास्ता रोक लिया। उसने धमकी दी कि अगर बात नहीं करेगी तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद गाड़ी पर हाथ मारा और सडक पर ही अपशब्द कहने लगा। घर आकर पीडिता ने अपने भाई के साथ थाने जाकर राजू के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज करा दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक